RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 47 | नागौर, 10 जनवरी, 2022 (सोमवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## भारतीय जवानों ने माइनस तापमान में बर्फ से ढकी पहाड़ी पर किया खुकुरी डांस




नई दिल्ली

कठिन से कठिन परिस्थितियों में बिना उफ्फ के लोगों की रक्षा करने वाली भारतीय सेना के साहस की किसी से कोई तुलना नहीं की जा सकती हैं। भारतीय सेना हर कदम पर अपने अदम्य साहस को साबित करती है।

इस समय पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का कहर बरपा हुआ हैं। हिमालय में बर्फबारी से तूफान दिन रात दस्तक दे रहे हैं। पारा माइनस में हैं और ऐसे में भी भारतीय जवान हमारी रक्षा के लिए देश की सीमा पर तैनात है। ऐसी परिस्थितियों में दुश्मन सिर उठाते हैं लेकिन उन्हीं दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हमारे देश के जवान सीमा पर तैनात हैं।

अपने अदम्य साहस के अलावा सोशल मीडिया पर भारतीय सेना की एक और कला भी देश ने देखी हैं। भारतीय सेना के जवानों ने उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में तंगधार सेक्टर की बर्फ से ढकी पर्वतमालाओं में खुकुरी नृत्य का प्रदर्शन किया। ऑनलाइन साझा किए जाने के बाद से, वीडियो ने सोशल मीडिया पर लाखों व्यूज बटोरे हैं और इसे व्यापक रूप से साझा किया जा रहा है। इंटरनेट पर लोगों ने सर्द सर्दियों और बर्फ से ढकी चोटियों के बीच खुकुरी नृत्य करने के लिए बहादुर सैनिकों की प्रशंसा कर रहे हैं।

खुकरी भारतीय सेना के भीतर विभिन्न रेजिमेंटों और इकाइयों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक चाकू जैसा हथियार है, जैसे असम राइफल्स, कुमाऊं रेजिमेंट, गढ़वाल राइफल्स और विभिन्न गोरखा रेजिमेंट। रेजिमेंट के सैनिक और सेना बैंड विभिन्न औपचारिक अवसरों और परेडों पर खुकुरी नृत्य करते हैं। एक दिन पहले, भारतीय सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास जम्मू-कश्मीर के घग्गर हिल गांव से भारी बर्फबारी से एक गर्भवती महिला को निकाला।

## नई गाइडलाइन

# राजस्थान में 30 जनवरी तक शहरों के 12वीं तक स्कूल बंद

जयपुर।

कोरोना के मामले बढ़ने के बाद राजस्थान सरकार ने पाबंदियों का दायरा और बढ़ा दिया है। प्रदेश के सभी शहरी क्षेत्रों में 12 वीं तक के स्कूल 30 जनवरी तक के लिए बंद कर दिए हैं। बाजार भी अब रात आठ बजे तक ही खुलेंगे। शादी समाराहों से लेकर हर तरह की सार्वजनिक गेदरिंग में शहरों में अब केवल 50 लोग ही शामिल हो सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में शादी से लेकर सार्वजनिक आयोजनों में 100 लोगों की लिमिट रहेगी। सरकार ने सप्ताह में भर में तीसरी बार यह गाइडलाइन जारी की है। कॉलेजों में पढ़ाई जारी रहेगी। 30 जनवरी के बाद दोनों वैक्सीन लगे हुए बच्चे स्कूल जा सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल खुले रहेंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों में पूजा सामग्री व प्रसाद ले जाने पर रोक लगा दी है। वहीं यह धार्मिक स्थल सुबह 5 बजे से रात 8 बजे तक ही खुले रह सकेंगे। इसके साथ ही रविवार को पूरी तरह कर्फ्यू रहेगा। सरकार के आदेश के मुताबिक शनिवार रात 11 बजे से सोमवार सुबह 5 बजे तक कर्फ्यू रहेगा। स्कूल बंद करने का आदेश लागू हो चुका है, वहीं अन्य गाइडलाइन 11 जनवरी से लागू होंगी। कॉलेज और यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ऑफलाइन क्लास में जा सकेंगे।



### रात 8 बजे तक ही खुलेंगे बाजार

- सभी बाजार, दुकानें, शॉपिंग मॉल्स, सभी कमर्शिल्य फर्म रात आठ बजे तक ही खुलेंगी। रात 8 बजे बाजार बंद करने होंगे।
- सिनेमा, थियेटर, मल्टीप्लेक्स 50 फीसदी क्षमता से रात 8 बजे तक ही खुलेंगे।
- प्रदेश भर में सिनेमा, थियेटर, मल्टीप्लेक्स, अम्यूजमेंट पार्क, 50 फीसदी क्षमता के साथ रात 8 बजे तक ही खुलेंगे। इनमें भी केवल वैक्सीन के डबल डोज वाले ही जा सकेंगे।

### 100 एक्टिव केस वाली जगह रेड जोन और जहां 51 केस वह येलो जोन

शहर में जहां 1 लाख जनसंख्या पर 100 एक्टिव केस हैं उसे रेड जोन, जहां 51 एक्टिव केस वह येलो जोन में बांटा है। 1 लाख की जनसंख्या पर 50 या इससे कम एक्टिव केस वाला क्षेत्र ग्रीन जोन होगा। इसी तरह जिस गांव में 20 एक्टिव केस होंगे वह रेड जोन में माना जाएगा। 20 से कम एक्टिव केस पर येलो जोन होगा। जिस गांव में एक भी केस नहीं होगा, उसे ही ग्रीन जोन में रखा जाएगा। गांव में एक भी केस हुआ तो उसे येलो जोन में गिना जाएगा।

### धार्मिक स्थल सुबह 5 से रात 8 बजे तक खुलेंगे

- धार्मिक स्थल श्रद्धालुओं के लिए सुबह 5 से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे। फूल मरला, प्रसाद, चादर लेकर जाने पर रोक रहेगी।
- लोहड़ी और मकर सक्रांति घर पर मनाने की सलाह।
- सरकार ने नई गाइडलाइन में लोगों से मकर सक्रांति और लौहड़ी का पवर्च घर पर ही मनाने की अपील की है।

## गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों को श्रद्धांजलि के रूप में इस वर्ष से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा : मोदी

नई दिल्ली।

गुरु गोबिंद सिंह की आज 355वीं जयंती है। इस शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक बड़ी घोषणा की। आपको बता दें कि गुरु गोबिंद की जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। इस पर्व पर पीएम मोदी ने कहा कि इस साल से, 26 दिसंबर को साहिबजादों, जो गुरु गोबिंद सिंह के पुत्र हैं, उनके साहस और न्याय के लिए उनकी खोज को श्रद्धांजलि के रूप में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

आज की प्रधानमंत्री ने यह घोषणा-गुरु गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर , मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि इस वर्ष से, 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

पीएम मोदी ने इस दिवस को गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के नाम करते हुए कहा कि यह उनके साहिबजादों के साहस और न्याय की उनकी तलाश के लिए एक उचित श्रद्धांजलि होगी।

पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर ट्वीट कर लिखा कि वीर बाल दिवस उसी दिन मनाया जाएगा जिस दिन साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी एक दीवार में जिंदा सील करके शहीद हुए थे।

## पीएम को बच्चों के वैक्सीनेशन की चिंता
## कोरोना के हालात पर मोदी की इमरजेंसी मीटिंग

नई दिल्ली.

देश में कोरोना की तीसरी लहर कहर बरपा रही है। तेजी से बढ़ते मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी मीटिंग की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की गई इस मीटिंग में पीएम मोदी ने बच्चों के वैक्सीन ड्राइव को तेज करने के लिए कहा। मोदी ने निर्देश दिया कि जिन राज्यों में कोरोना के ज्यादा मामले आ रहे हैं उन राज्यों को टेक्निकल सपोर्ट दिया जाए।

पीएम मोदी ने जिला स्तर पर पर्याप्त हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से इस संबंध में राज्यों के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा। मोदी ने राज्यों की स्थिति पर चर्चा करने के लिए सीएम के साथ बैठक बुलाए जाने को कहा। उन्होंने कोरोना के मामलों के मैनेजमेंट के साथ नॉन-कोविड हेल्थ सर्विस की निरंतरता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर डाला।




पीएम मोदी ने भी बैठक के बाद ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, कोविड-19 की मौजूदा स्थिति पर चर्चा हुई। 15 से 18 साल के यंगस्टर्स सहित हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और वैक्सीनेशन ड्राइव की तैयारियों की समीक्षा की। इसके अलावा नॉन-कोविड हेल्थ सर्विस को जारी रखना सुनिश्चित किया। समीक्षा बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, कैबिनेट सचिव राजीव गाबा, गृहसचिव अजय भल्ला, स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, ICMR के डीजी समेत कई अधिकारी शामिल हुए।

## प्रदेश में 5660 नये कोरोना केस मिले

### जयपुर में सबसे ज्यादा 2377 केस, 1 संक्रमित की मौत

जयपुर।



राजस्थान के सभी 33 जिलों में कोरोना फैल गया है। अब तक जालोर कोविड की तीसरी लहर से बचा हुआ था। रविवार को जालोर में भी 2 कोविड पॉजिटिव रोगी मिल गए। राजस्थान में रविवार को 5660 कोरोना संक्रमित नए मरीज मिले हैं। जबकि केवल 358 मरीज रिकवर हुए हैं। राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 2377 नए संक्रमित सामने आए हैं। आंकड़ों को देखें तो पिछले 7 दिनों में राजस्थान में कोरोना 10 गुना रफ्तार से बढ़ा है। जहां 3 जनवरी को 550 केस थे, अब बढ़कर 5660 पहुंच गए हैं। वहीं, जयपुर में 1 मौत भी दर्ज हुई है। जोधपुर में 600 कोविड पॉजिटिव केस मिले हैं। एक्टिव केस 14166 से बढ़कर 19467 हो गया है। 5301 केस एक दिन में बढ़े हैं। जयपुर में जगतपुरा में सबसे ज्यादा 102 पॉजिटिव केस मिले हैं।

**जयपुर में कहां कितने संक्रमित मिले :** राजधानी जयपुर में जगतपुरा में 102 , जवाहर नगर में 97, मालवीय नगर में 95 वैशाली नगर में 93, दुर्गापुरा में 81, झालाना में 80, आदर्श नगर में 54, जिनका पता नहीं मालूम ऐसे 27, अग्रवाल फार्म में 63, अजमेर रोड पर 60,अम्बाबाड़ी में 19, आमेर में 60, आमेर रोड पर 12, बड़ी चौपड़ पर 2, बगरू में 4, बजाज नगर में 1, बनीपार्क में 70, बरकत नगर में 19, बस्सी में 7, भांकरोटा में 9, ब्रह्मपुरी में 44,चाकसू में 4 संक्रमित मिले हैं। चांदपोल में 16, चौड़ा रास्ता में 2, चित्रकूट में 16, सिविल लाइंस में 34, सी-स्कीम में 37, डीसीएम पर 16, देवी नगर में 4, दूदू में 3, ईदगाह में 1, गलतागेट पर 1, गांधी नगर में 9, गांधीपथ पर 14, गंगापोल पर 2, घाटगेट पर 9, गोनेर रोड पर 2, गोपालपुरा पर 77, गोविंदगढ़ में 19, गुर्जर की थड़ी पर 1, हनुमान नगर में 8, हरमाड़ा में 1, हसनपुरा में 1, हीरापुरा में 12 पॉजिटिव केस मिले हैं। इंदिरा गांधी नगर में 1, जयसिंहपुरा खोर में 3, जामड़ोली में 13,जमवारामगढ़ में 10, जवाहर सर्किल पर 2, झोटवाड़ा में 65, जेएलएन मार्ग पर 11, जोबनेर में 1, जौहरी बाजार में 19, जोरावर सिंह गेट पर 2, करधनी में 1, करतारपुरा में 12, कावेरी पथ पर 10, खातीपुरा में 12, किशनपोल में 4, कोटपूतली में 34, लालकोठी में 44, लूणियावास में 1, महेश नगर में 17, माणक चौक पर 1, मांग्यावास में 5, मानसरोवर में 91, एमडी रोड पर 5, मुहाना मंडी में 1, मुरलीपुरा में 21, निर्माण नगर में 32, पटेल मार्ग पर 16, पत्रकार कॉलोनी में 10, फुलेरा में 3, राजापार्क में 23, रामबाग में 1, रामगंज में 7, रामगढ़ मोड पर 6, रंगोली गार्डन में 18, राणी सती नगर में 5, सांगानेर में 72, एसएफएस पर 7, शाहपुरा में 1, शास्त्री नगर में 44, श्याम नगर में 43, सीकर रोड पर 6, सिन्धी कैम्प पर 2, सिरसी रोड पर 22, सीतापुरा में 5, एसएमएस में 5, सोड़ाला में 66, स्टेशन रोड पर 5, सुभाष चौक पर 11, तिलक नगर में 28, टोंक फाटक पर 31, टोंक रोड पर 67, ट्रांसपोर्ट नगर में 6, त्रिवेणी नगर में 8, विद्याधर नगर में 65, विजय पथ पर 8, विराट नगर में 11 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं।

### पुलिस के साथ आ रहे गिरफ्तार युवक की मौत का मामला

# मांगों पर नहीं बनी सहमती, पूरे दिन छावनी बना रहा कुचामन पुलिसथाना

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** बलात्कार के एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार कर कुचामन लाते समय रास्ते में ही युवक की संदिग्धावस्था में मौत हो जाने के मामले में एक हैड कांस्टेबल व दो कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया गया है। गौरतबल है कि शनिवार को कुचामन पुलिस द्वारा बलात्कार के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर कुचामन लाते समय रास्ते में ही युवक की तबियत खराब हो जाने से उसकी मौत हो गई थी।

### जयपुर पहुंचे नागौर एसपी

पुलिस कस्टडी में युवक की संदिग्ध मौत हो जाने के बाद मामले की नजाकत को भांपते हुए नागौर पुलिस अधीक्षक अभिजीतसिंह जयपुर पहुंचे। इस दौरान जयपुर पुलिस अधीक्षक प्रहलादराम भी उनके साथ थे। एसपी एसएमएस हॉस्पिटल की मोर्चरी पहुंचे जहां मृतक युवक का पोस्टमार्टम होना था। उन्होंने परिजनों को पुलिस जवानों के लाइन हाजिर करने व पुलिस के खिलाफ मामला दर्ज कर लेने की जानकारी भी दी परन्तु परिजन नहीं माने व पोस्टमार्टन नहीं कराने पर अड़े रहे।

### ये रखी मांगे

जयपुर में मौजूद परिजनों ने पुलिस अधीक्षक अभिजितसिंह के सामने पुलिस के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, मृतक के परिजन को 50 लाख रूपये देने व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग रखी। एसपी ने परिजनों को समझाने का भरकस प्रयास किया परन्तु बात नहीं बनी व पूरे दिन पोस्टमार्टम नहीं हो पाया।

### एक हैड कांस्टेबल व दो कांस्टेबल लाइन हाजिर



कुचामनसिटी। पुलिस कस्टडी में हुई युवक की मौत मामले में उपद्रव की संभावना के चलते पुलिसथाना कुचामनसिटी के बाहर खड़े पुलिस वाहन पर तैनात भारी जाप्ता।

### छावनी बना रहा पुलिसथाना

ईधर पुलिसथाना कुचामनसिटी रविवार को पूरे दिन छावनी बना रहा। दर्जनों वाहनों में सवार होकर आए सैकड़ों की संख्या में आरएससी के जवान सुबह से शाम तक थाने के बाहर डटे रहे। पुलिस को कहीं ना कहीं डर सता रहा था कि शव को जयपुर से लाकर कुचामन थाने के बाहर प्रदर्शन करने पर भीड़ उग्र ना हो जाए परन्तु मांगे नहीं माने जाने पर पोस्टमार्टम नहीं हो सका और मामला सोमवार पर चला गया है।

### ये था पूरा मामला

जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम मीठड़ी के पशु चिकित्सालय के पास रहने वाले सुनील कुमावत पुत्र भवानी शंकर के खिलाफ खारिया कुचामन निवासी एक विवाहिता ने बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का मामला दर्ज करवा रखा था। इसी सिलसिले में कुचामन पुलिस की एक टीम आंध्र प्रदेश से सुनील को पकड़कर ला रही थी। पुलिस के अनुसार दौसा के पास युवक की तबियत खराब होनी शुरू हो गई जिसकी जयपुर पहुंचते-पहुंचते मौत हो गई। गौरतलब है कि सुनील तीन भाइयों में सबसे छोटा था, जिसका विवाह कुचामनसिटी में हो रखा था। खारड़िया नावां निवासी युवती ने सुनील के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज करवाया था। युवती का विवाह भी कुचामन के खारिया में हो रखा था।

# डेगाना का सपूत पंजाब में शहीद

## शहीद मनोहर सिंह सिसोदिया का की आज राजकीय सम्मान के साथ पैतृक गाँव में होगी अंत्येष्टि

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान में वीर सपूतों की धरती नागौर डेगाना के अलवास ग्राम का बहादुर बेटा भारत के लिए शहीद हो गया। शहीद मनोहर सिंह सिसोदिया नागौर जिले के डेगाना विधानसभा के गांव अलवास के रहने वाले था। शहीद अपने परिवार में ईकलौता बेटा था। खबर का पता चलते ही डेगाना सहित नागौर जिले में शोक की लहर दौड़ गई। सांसद दिया कुमारी, विधायक विजयपाल मिर्धा, पूर्व मंत्री व विधायक अजयसिंह किलक, किसान नेता पूर्व विधायक रिछपाल सिंह मिर्धा, चेयरमेन मदनलाल अटवाल सहित डेगाना के नेता व जनप्रतिनिधियो ने गहरा दुख प्रकट किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोहर सिंह 2017 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वर्तमान मे पंजाब के जालंधर में पोस्टिंग थी। बताया जा रहा है की मनोहरसिंह की किडनी फेल हो जाने से जालंधर अस्पताल में इलाज चल रहा था। मनोहर सिंह की एक वर्ष पूर्व ही सगाई हुई थी।




### रात आठ बजे घर पर बात हुई, परिवार के लोग रविवार को जा रहे थे जालधर

शनिवार शाम आठ बजे घर पर माता पिता से फोन पर बात हुई और रात नो बजे शहीद मनोहरसिंह ने अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार मनोहरसिंह की कीडनी ट्रांसप्लांट होनी थी, जिसके लिए परिवार वाले रविवार को जलांधर जा रहे थे परन्तु शनिवार हो ही मनोहर सिंह की मृत्यु हो।शहीद का पार्थिव देह सोमवार सुबह आठ बजे डेगाना पहुंचेगा, जहाँ से अंतिम यात्रा डेगाना बाईपास पुलिया से रवाना होकर रेवत, जालसू खुर्द, जालसू कला, जालसू नानक, खिंदास, आंतरोली कला, खातोलाई से होते हुए पैतृक गांव अलवास में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

## सम्पादकीय

# समानुभूति का पाठ

समानुभूति उसी समाज में रची-बसी है, जिसमें यह लोक-आस्था बची है कि 'जाके पैर फटी न बिवाई सो क्या जाने पीर पराई'। परानुभूति यानी दूसरे की अनुभूति करने के लिए भी स्व को केंद्रित करते हुए हमने उस मूल्य को अपनाया, जिसके अंतर्गत हम दूसरे के प्रति वैसा ही व्यवहार करें, जैसा कि हम स्वयं के साथ होता हुआ देखना चाहते हैं। किसी अन्य की पीड़ा के प्रति सहानुभूति हमें सहज और सरल भाव लगता है। इससे परोपकार और दया जैसे भाव पनपते हैं। ऐसे ही समाज में, जहां बहुत सारे स्कूल और कालेज ही परोपकार से प्रेरित होकर खोले गए हों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी परोपकारी शिक्षा और 'कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलटी' के सहारे भावी नागरिकों में उद्यमिता और क्षमताएं विकसित करना चाहती हो, वहां सहानुभूति के बरक्स समानुभूति के पाठ दुरुह ही लगेंगे। समानुभूति ऐसी मानवीय संवेदना है, जिसमें दूसरे की भावना समझने से आगे बढ़ कर ऐसी कल्पनाशीलता है, जिसमें स्वयं को उसी परिस्थिति में रख कर उस क्षण और मनोभाव को अंगीकार करने का प्रयास होता है। गांधी जब शौचालय साफ करने को कहते हैं, तो वह दलित कर्म और जाति के प्रति सहानुभूति से विलग एक समानुभूति विकसित करने का प्रयास है, जिसमें स्वच्छ और निर्मल रहना अगर ईश्वरीय है, तो इसमें हमारी सहायता करने वाला 'हरिजन'। मुक्तिबोध इसे भिन्न प्रस्थान बिंदु से देखते हैं और लिखते हैं कि 'जो है उससे बेहतर चाहिए, पूरी दुनिया साफ करने के लिए मेहतर चाहिए'। कांचा इलैया तो इससे भी भिन्न दावा करते हैं कि जिस दिन हम दलित झाड़ू रख देंगे उस दिन ब्राह्मणवादी स्वच्छता और निर्मलता के मानक ध्वस्त हो जाएंगे। दलित, हरिजन, दलित-बहुजन, आदिवासी और बहुजन की भाषायी और चुनावी राजनीति के बीच सहानुभूति और समानुभूति का अंतर ही व्याप्त है।

जिस समाज में अंगहीनता भी हास-परिहास का विषय हो और दृष्टि बाधित को 'सूर', मूक-बधिर को 'बिना सिग्नल का रेडियो', 'लंगड़ा', 'लूला', 'काना' जैसी शब्दावली चलन में हो, वहां दया और श्रद्धाजनित सहानुभूति तो हो सकती है, पर समानुभूति नहीं। इसके प्रयास में जो पाठ स्कूली किताब का हिस्सा बना, उसमें 'श्यामा की गुड़िया' के अगर आंख, कान, नाक, जीभ और हाथ नहीं हैं, तो उसे उल्लू की आंख, खरगोश के कान, हाथी की सूंड, बिल्ली की जीभ और बंदर के हाथ लगा कर सक्षम बनाने की सीख है। ऐसे में उनके लिए भिन्न 'विशेष' स्कूल खोले जाएं या उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए 'सामान्य' स्कूल और कक्षा का हिस्सा बनाया जाए, शिक्षा विमर्श में समावेशी शिक्षा की चिंता का विषय बना रहता है। अपंग, विकलांग, अपाहिज, दिव्यांग, निशक्तजन और भिन्न रूप से सशक्त के प्रयोग के भाषायी विमर्श और नीति निर्माण में हस्तक्षेप सहानुभूति और समानुभूति के मध्य हिलोरें लेता रहता है। स्त्री के पक्ष में समानुभूति प्राय: 'स्त्रैण' होने और पुरुष की यौनिकता पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। जिस समाज दर्शन में यह मान्य हो कि अगर स्त्री में पुरुष के गुण आ जाएं तो वह कुलटा हो जाती है, उस समाज में स्त्री समानुभूति को पौरुष या मर्दानगी की कमी देखा जाता है। पर समानुभूति के उदाहरण साहित्य रचनाकर्म से लेकर लोकजीवन तक विरले ही हैं। किन्नर और अन्य किसी लैंगिकता के प्रति समानुभूति तो विलुप्त है ही, साथ ही सहानुभूति भी व्यंग्यात्मक श्रद्धा या भय का ही हिस्सा है। अन्य धर्म, प्रांत, भाषा, रंग आदि के लिए समानुभूति भी उस सामाजिकता में पनपना जटिल है।

# ईमानदारी और योग्यता से नहीं, धन-बल और छल-बल से जीते जाते हैं चुनाव

**भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले हरीश कुमार की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय कमेटी की सिफारिश पर वर्ष 2014 की तुलना में नवीनतम मूल्य सूचकांक के आधार पर पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में 32.08 प्रतिशत वृद्धि करते हुये चुनाव खर्च की सीमा तय कर ली। इसके अनुसार अब उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और पंजाब के लिये चुनाव खर्च की सीमा 28 लाख से बढ़ कर 40 लाख और मणिपुर तथा गोवा जैसे छोटे राज्यों के लिये यह सीमा 20 लाख से बढ़ कर 28 लाख हो गयी। लेकिन सच्चाई यह है कि अगर कोई प्रत्याशी सचमुच इस खर्च सीमा में बंध गया तो चुनाव जीतना तो रहा दूर वह अपनी जमानत तक नहीं बचा पायेगा। क्योंकि आज के माहौल में चुनाव इतने महंगे हो गये हैं कि आप की जेब में कम से कम 3 करोड़ की रकम चाहिये। इसीलिये आज की तारीख में जिस पार्टी के पास जितने संसाधन होंगे उसकी जीत की संभावनाएं उतनी ही अधिक होंगी। चुनाव खर्च का 40 लाख से लेकर 3 करोड़ के बीच का जो अंतर है वही देश में भ्रष्टाचार की गंगोत्री भी है।**

**चुनाव से ही बहती है भ्रष्टाचार की गंगोत्री :** लोकतंत्र के महायज्ञ, चुनाव की शुचिता और सरकार गठन में जनता की वास्तविक राय तय करने के लिये चुनाव में धन बल और बाहुबल को रोकने के प्रयास शुरू से होते रहे हैं। समय-समय पर चुनाव सुधारों और मतदान की आधुनिक व्यवस्था के कारण बाहुबल से तो लगभग मुक्ति मिल गयी मगर धन बल की भूमिका कहीं अधिक बढ़ गयी। हालांकि समस्या मतदाताओं को बरगलाने की भी है। धन बल के आगे अगर कोई अपनी ईमानदारी और योग्यता के बल पर चुनाव लड़ेगा तो उसकी जमानत भी जब्त हो जायेगी। राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों की बढ़ती संख्या का सबसे बड़ा कारण धनबल ही है। उसके बाद सम्प्रदायवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद का नम्बर आता है। ढोंग करना झूठ बोलना भी भ्रष्टाचार ही है। जो जितना बड़ा ढोंगी वह उतना बड़ा नेता। इस तरह के भ्रष्टाचार के बलबूते पर बनी सरकारों से अगर हम ईमानदारी और सुशासन की कल्पना करते हैं तो हम मूर्खों के स्वर्ग में रहते हैं।

**चुनाव लड़ने के लिये कम से कम 3.50 करोड़ रुपये चाहिये :** चुनावी खर्च के इस गोरख धन्धे पर से हल्का सा पर्दा अगर उत्तराखण्ड से ही उठाया जाय तो शेष राज्यों की स्थिति का आकलन किया जा सकता है। एक अजेय प्रत्याशी के चुनाव प्रबंधक रहे एक अनुभवी नेता का कहना है कि मैदानी क्षेत्र में 2017 में एक प्रत्याशी को औसतन 2 करोड़ रुपये खर्च करने पड़े, लेकिन इस बार यह रकम 3.50 करोड़ तक जा सकती है। यह रकम केवल साधारण मैदानी प्रत्याशी के लिये है। पहाड़ों की दुर्गम स्थिति और अत्यंत ठण्ड के कारण वहां का चुनाव खर्च कहीं अधिक जा सकता है। इनके अलावा कुछ ऐसी भी प्रतिष्ठा की सीटें होती हैं या जहां धनाड्य प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होता है, वहां एक-एक वोट की बोली लगती है।

**प्रत्येक बूथ के बस्ते के अंदर 10 से 20 हजार रुपये :** उत्तराखण्ड के 70 विधानसभा क्षेत्रों में इस बार 11,647 पोलिंग बूथ हैं। इस प्रकार एक विधानसभा क्षेत्र में इस बार औसतन 167 पोलिंग बूथ होंगे। हालांकि कपकोट जैसे कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं जहां 186 तक बूथ हैं। जीत की आशा लेकर मैदान में कूदे एक प्रत्याशी को मतदान के दिन तक बूथ मैनेजमेंट के लिये बस्ते थमाने होते हैं जिनमें कम से कम प्रति बस्ता 10 हजार की रकम रखी जाती है। अनुभवी चुनाव प्रबंधकों के अनुसार सक्षम दल के सक्षम प्रत्याशी जीत सुनिश्चित करने के लिये प्रत्येक बस्ते में 20 हजार तक की रकम डाल देते हैं। कई बार सुदूर क्षेत्रों में बस्तों पर बोलियां लग जाती हैं और गरीब प्रत्याशी या दलों के बस्ते उठाने वाले नहीं मिलते। अगर 10 हजार के हिसाब से ही देखा जाय तो एक प्रत्याशी को औसतन 11.67 लाख की रकम केवल पोलिंग के बस्तों के लिये चाहिये।

**चुनाव कार्यालयों का खर्च भी 20 लाख से कम नहीं :** बस्तों से पहले प्रत्येक प्रत्याशी को कुछ घोषित और उनसे ज्यादा अघोषित चुनाव कार्यालय खोलने होते



हैं। मैदान में ऐसे लगभग 10 से 15 और पहाड़ में 20 से लेकर 25 के बीच कार्यालय खोलने होते हैं। प्रत्येक कार्यालय पर 2-2 लाख भी खर्च आया तो पहाड़ में औसतन 40 लाख और मैदान में 20 लाख का खर्च चुनाव कार्यालयों पर आता है। पहाड़ों में एक बूथ से 4 या 5 गांव जुड़े होते हैं। इसलिये मनोरंजन के लिये प्रति बूथ 2 पेटी शराब की आवश्यकता होती है। एक बार एक चुनाव में बोतल के साथ आधा किलो मुर्गा भी मतदाताओं को बांटने की चर्चा आम हुयी थी। इस प्रकार देखा जाय तो एक टक्कर देने वाले प्रत्याशी को कम से 350 पेटियां शराब की चाहिये।

**वोटों के लिये नोटों के साथ बोतलें भी जरूरी :** चुनाव में वोटों के लिये नोटों के अलावा बोतलें भी चाहिये होती हैं। अगर एक बूथ पर कम से कम एक पेटी शराब भी पहुंचाई जाय तो औसतन 5 हजार रुपये प्रति पेटी के हिसाब से 167 बूथों के लिये 8.35 लाख की शराब केवल बूथ मैनेजमेंट के लिये चाहिये। पिछली बार के एक जिताऊ प्रत्याशी का कहना था कि संसाधनों के अभाव के बावजूद पूरे चुनाव के दौरान उसने 38 लाख रुपये केवल शराब पर खर्च किये। जबकि करोड़ रुपये की शराब बांट कर भी प्रतिद्वन्दी जीत नहीं पाया। प्रत्याशी अब सीधे शराब के ट्रक मंगाने के बजाय शराब की दुकानों एक, पांच, दस और बीस का नोट देते हैं। नोटों की इस सांकेतिक भाषा के अनुसार कार्यकर्ता को दुकान वाले शराब की बोतलें दे देते हैं। इससे पहले पर्ची सिस्टम भी रहा।

**महिला और युवक मंगल दलों को भी बिगाड़ रहे हैं :** उत्तराखण्ड में महिला मंगल दलों तथा युवक मंगल दलों को भी भ्रष्ट चुनावी व्यवस्था खराब कर रही है। उत्तराखण्ड में वर्तमान में 5,898 महिला मंगल दल और 5,627 युवक मंगल दल हैं। इस तरह औसतन एक विधानसभा क्षेत्र में 85 महिला मंगल दल हैं। सभी को खुश करने के लिये 5 से लेकर 15 हजार प्रति दल पत्रम् पुष्पम् का रिवाज शुरू हो गया है। इस तरह कम से कम 5 हजार प्रति मंगल दल के हिसाब से 4.25 लाख रुपये और युवक मंगल दलों को 4.05 लाख रुपये की भेंट पूजा करनी होती है।

## आज का राशिफल

### मेष
नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी।

### वृषभ
किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय सुखमय व्यतीत होगा। बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा।

### मिथुन
प्रसन्नता रहेगी। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। मनोरंजन होगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

### कर्क
योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी।

### सिंह
डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

### कन्या
मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। हल्की हंसी-मजाक न करें।

### तुला
व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

### वृश्चिक
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार ठीक चलेगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। बुरी खबर प्राप्त हो सकती है।

### धनु
किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें।

### मकर
स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

### कुंभ
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। समय की अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### मीन
उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। कुसंगति से दूर रहें। हानि संभव है। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

## व्यापार समाचार

# मुकेश अंबानी का हुआ न्यूयॉर्क का लग्जरी होटल मैंडारिन ओरिएंटल

## अंबानी ने 5-स्टार लग्जरी होटल को 729 करोड़ रुपए में खरीदा

नई दिल्ली।

देश के सबसे अमीर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित लग्जरी होटल मैंडरिन ओरिएंटल को 9.81 करोड़ डॉलर (करीब 729 करोड़ रुपए) में खरीद लिया है। 2003 में तैयार हुआ मैंडारिन ओरिएंटल न्यूयॉर्क के 80 कोलंबस सर्कल स्थित एक पॉपुलर लक्जरी होटल है। ये सेंट्रल पार्क और कोलंबस सर्कल के ठीक बगल में है। रिलायंस ने पिछले साल ब्रिटेन के आइकॉनिक कंट्री क्लब और गोल्फ रिजॉर्ट स्टोक पार्क को 57 मिलियन पाउंड (करीब 592 करोड़ रुपए) में खरीदा था।



**रिलायंस ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी दी :** कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रियल इंवेस्टमेंट्स एंड होल्डिंग्स लिमिटेड ने आज लगभग 9.81 करोड़ डॉलर के इक्विटी प्रतिफल पर कोलंबस सेंटर कॉरपोरेशन की संपूर्ण जारी शेयर पूंजी का अधिग्रहण करने के लिए एक समझौता किया। जो केमैन आइलैंड्स में शामिल एक कंपनी है और मैंडारिन ओरिएंटल न्यूयॉर्क में 73.37 प्रतिशत हिस्सेदारी की अप्रत्यक्ष मालिक है। मैंडारिन ओरिएंटल न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित लक्जरी होटलों में से एक है।

**मैंडरिन ओरिएंटल की रूम रेट्स :** मैंडरिन ओरिएंटल, न्यूयॉर्क में स्थित 5-स्टार लग्जरी होटल है। इसमें एक रात का खर्च 745 डॉलर (करीब 55,000 रुपए) से लेकर 14,000 डॉलर (करीब 10.40 लाख रुपए) तक है। इसमें अलग-अलग लोकेशन के व्यू वाले रूम से लेकर लग्जरी सुइट हैं। होटल में प्रेसिडेंशियल सुइट, सुइट 5000 भी मिलेंगे न्यूयॉर्क के मैंडरिन ओरिएंटल दुनियाभर में चर्चित होटल है। इसने एएए फाइव डायमंड होटल, फोर्ब्स फाइव स्टार होटल और फोर्ब्स फाइव स्टार स्पा सहित कई अलॉर्ड्स जीते हैं। रिलायंस फाइलिंग के अनुसार, 2018 में इसका राजस्व 115 मिलियन अमरीकी डॉलर, 2019 में 113 मिलियन अमरीकी डॉलर और 2020 में 15 मिलियन अमरीकी डॉलर था।

**होटल इंडस्ट्री में पैर जमा रहे अंबानी :** मुकेश अंबानी धीरे-धीरे होटल इंडस्ट्री में अपना पैर जमा रहे हैं। वे ब्रिटेन का मशहूर और आईकॉनिक कंट्री क्लब स्टोक पार्क को भी खरीद चुके हैं। 300 एकड़ में बने इस क्लब को अंबानी ने 592 करोड़ रुपए (5.70 करोड़ पाउंड) में खरीदा है। यह अधिग्रहण रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की सहायक कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रियल इंवेस्टमेंट्स एंड होलडिंग्स लिमिटेड ने किया है। स्टोक पार्क पर अब तक ब्रिटेन के शाही परिवार का मालिकाना हक था। इसे कई साल से बेचने की कोशिश की जा रही थी। यहां 49 लग्जरी रूम, 21 मेंशन और 28 पवेलियन हैं। सभी को 5एए रेड स्टार रेटिंग हासिल है। इन्हें कैपेबिलिटी ब्राउन और हम्फरी रेप्टन ने डिजाइन किया था। इस पार्क का निर्माण बिट्रेन के राजा जॉर्ज थर्ड के आर्किटेक्ट जेम्स वॉट ने प्राइवेट प्लेस के तौर पर किया था। इसमें अक्सर सेलिब्रिटी कॉन्सर्ट कराए जाते रहे हैं।

# ऑडी इंडिया को इस साल भारत में बिक्री में दो अंकीय वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली।




देश में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी के बीच जर्मनी की लग्जरी कार कंपनी ऑडी को इस साल भारतीय बाजार में अपनी बिक्री में मजबूत दो अंकीय वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। ऑडी इंडिया इस साल भारतीय बाजार में कई नए उत्पाद लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी अगले महीने एसयूवी क्यू 7 उतारने जा रही है। कंपनी का मानना है कि नए उत्पादों से भारतीय बाजार में उसकी बिक्री बढ़ेगी। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''यदि कोरोनो की वजह से स्थिति खराब नहीं होती है, तो मुझे पूरा भरोसा है कि इस साल हम भारतीय बाजार में मजबूत दो अंकीय वृद्धि दर्ज करेंगे।'' उन्होंने कहा कि ऑडी के दृष्टिकोण से देखें तो हमारी वृद्धि जारी रहेगी। बीते साल हमने करीब 101 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने नवंबर में एसयूवी क्यू 5 पेश की थी जिसकी डिलिवरी दिसंबर से शुरू हो गई है। ढिल्लों ने कहा कि हम नई क्यू 7 भी उतारने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले साल की तरह चालू वर्ष में भी हम अपनी वृद्धि को लेकर सकारात्मक हैं। उन्होंने बताया कि ऑडी इंडिया इस साल कई नए उत्पाद उतारेगी।

# अमेजन ने फ्यूचर कूपंस के साथ सौदे को निलंबित करने के सीसीआई के आदेश को एनसीएलएटी में चुनौती दी

नई दिल्ली।

अमेजन ने फ्यूचर कूपंस प्राइवेट लि. के साथ उसके सौदे को करीब दो वर्ष पहली मिली मंजूरी को निरस्त करने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में अपील दायर की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रतिस्पर्धा आयोग ने फ्यूचर कूपंस के साथ ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन के सौदे की मंजूरी को दिसंबर में निलंबित कर दिया था थी और साथ ही अमेजन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था। सीसीआई ने फ्यूचर कूपंस में 49 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए अमेजन के सौदे को नवंबर, 2019 में मंजूरी दी थी। सीसीआई के द्वारा पारित आदेशों के लिए एनसीएलएटी अपीलीय प्राधिकरण है। सूत्रों ने बताया कि अमेजन ने सीसीआई के पिछले महीने के आदेश के खिलाफ एनसीएलएटी में अपील दायर की है। इस बारे में अमेजन और फ्यूचर को भेजे गए ई-मेल का जवाब नहीं मिला।

फ्यूचर कूपंस लिमिटेड (एफसीपीएल) फ्यूचर रिटेल लिमिटेड की प्रवर्तक है। अमेजन इस मामले को अक्टूबर, 2020 में सिंगापुर मध्यस्थता केंद्र में लेकर गई थी तब से दोनों कंपनियों के बीच कानूनी लड़ाई छिड़ गई है। अमेजन का कहना है कि एफआरएल ने रिलायंस समूह की कंपनी रिलायंस रिटेल के साथ 24,713 करोड़ रुपये का बिक्री करार कर 2019 में उसके साथ हुए निवेश समझौते का उल्लंघन किया है।

# अलायंस एयर ने अपने विमानों के बेड़े के नवीनीकरण के लिए निविदा जारी की

नई दिल्ली।

एयर इंडिया की अनुषंगी कंपनी अलायंस एयर ने अपने 18 एटीआर-72 विमानों के पूरे बेड़े के नवीनीकरण के लिए निविदा जारी की है। टाटा समूह ने पिछले साल अक्टूबर में एयर इंडिया के लिए सफल बोली लगाई थी। उम्मीद है कि सार्वजनिक की विमानन कंपनी को इस साल पहली छमाही में टाटा समूह को सौंप दिया जाएगा। अलायंस एयर की निविदा के अनुसार बोली जीतने वाले को कार्गो नेट, सीट कुशन रिपेयर, सीट कवर बैक एंड बॉटम, आर्म हैंडल, फ्लोर बोर्ड, सीट बेल्ट के साथ बकल और ट्रे टेबल का नवीनीकरण करना होगा। निविदा में कहा गया कि बोली जीतने वाले को इंजन कवर, प्रोपेलर स्ट्रैप, आर्म कैप रेस्ट, इंटीरियर केबिन फैब्रिक, पिटोट कवर और छोटे-बड़े पर्दे जैसे कई अन्य सामानों का नवीनीकरण करना होगा।

# बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहन कीमतों में हुआ सुधार

नई दिल्ली।

विदेशी बाजारों में तेजी तथा देशभर की मंडियों में तिलहनों की आवक काफी कम रहने के बीच बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में लगभग तेल-तिलहनों के भाव में सुधार रहा। बाजार सूत्रों ने कहा कि उत्पादन कम होने से मलेशिया में बाजार मजबूत हुआ है तथा वहां कच्चे पाम तेल (सीपीओ) और पामोलीन के दाम में क्रमश: लगभग 40 डॉलर और 50 डॉलर की वृद्धि की गई है। देश में ठंड की वजह से इन तेलों की मांग कमजोर है क्योंकि सर्दियों में ये हार्ड तेल जम जाते हैं। इसलिए इन तेलों का कारोबार बेपड़ता बैठता है। आयातकों को इन्हें मंगाने में प्रति किलो 2-3 रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। आयातकों को इन तेलों का खरीद भाव कहीं महंगा बैठता है जबकि इनकी बिक्री का दाम कम है। सूत्रों ने कहा कि सरसों की उपलब्धता काफी सीमित मात्रा में रह गई है। राजस्थान के एक तेल विशेषज्ञ ने बताया कि 31 दिसंबर को देश में सरसों का स्टॉक लगभग सवा तीन लाख टन का रहने का अनुमान है। इसमें से लगभग 1.70 लाख टन का स्टॉक किसानों के पास है जबकि 1.55 लाख टन का स्टॉक मिलर्स और स्टॉकिस्टों के पास है। इस बचे हुए स्टॉक में से भी अब तक लगभग डेढ़ लाख टन सरसों की खपत हो चुकी है।

उपलब्धता कम होने के साथ मांग बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन कीमतों में सुधार है। सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन में सुधार होने की मुख्य वजह यह है कि किसान नीचे भाव में बिक्री से बच रहे हैं और मंडियों में कम उपज ला रहे हैं। देशभर की मंडियों में सोयाबीन की आवक लगभग दो लाख बोरी रह गई है और इस वजह से सोयाबीन तेल कीमतों में भी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि सोयाबीन की पेराई में मिल वालों को तेल की पेराई पर प्रति किलो 5-7 रुपये का नुकसान है। यही हाल बिनौला का भी है जिसकी पेराई पर भी मिल वालों को 5-7 रुपये प्रति किलो का नुकसान बैठता है। सोयाबीन और बिनौला की लगभग 60 प्रतिशत पेराई मिलें बंद हैं। उन्होंने कहा कि शुष्क मौसम की वजह से प्रमुख उत्पादक देश ब्राजील में सोयाबीन की उपज कम होने की संभावना है।

## कुचामन के लाडलो ने विश्वविद्यालय तिरन्दाजी प्रतियोगिता में लहराया परचम



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर की और से मिश्रीलाल दुबे महाविद्यालय केकड़ी में आयोजित द्वितीय अन्तर महाविद्यालय तिरन्दाजी प्रतियोगिता में शिक्षा नगरी कुचामन के नवभारत महाविद्यालय के लाडलो ने बालक व बालिका वर्ग में रजत पदक जीते। महाविद्यालय निदेशक मुकेश कुकणा ने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सुशिला तरड ने कम्पाउन्ड तिरन्दाजी मे रजत पदक जीता व बालक वर्ग में मामराज ने रिक्रर तिरन्दाजी में पदक जीता है। संचालक गोपीराम डूडी ने बताया की दोनों खिलाड़ी सिंगल खेल तिरन्दाजी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे।

## दिगंबर पाठशाला में विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया



अबू बकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में दिगंबर जैन पाठशाला के छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रमुख शिक्षक डॉ. सुरेंद्र जैन ने पाठशाला की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विगत 30 वर्षों से सतत संचालित इस पाठशाला में समाज के सैंकड़ों बच्चे धार्मिक और आध्यात्मिक शिक्षा प्राप्त कर सुसंस्कारित हो चुके हैं। पाठशाला में जैन धर्म बालबोध के चार भाग, छहढाला, भक्तामर, द्रव्य संग्रह, तत्वार्थ सुत्र, ज्ञान-चालिसा, व लौकिक नैतिक शिक्षा आदि ग्रंथों व शिक्षा का मनोयोग से अध्ययन किया जाता है। इस अवसर पर जैन समाज के धर्मचंद गोधा, सुरेश कासलीवाल, अशोक सेठी, राज पाटनी, अनिल पहाड़िया, रोबिन बड़जात्या, सुशीला कासलीवाल, संतोषदेवी सेठी, सुशीला गंगवाल, मिंटू सेठी, डोली गंगवाल आदि समाज के सदस्यों ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया व आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के अंत में दिगंबर जैन समाज के मंत्री धर्मचंद गोधा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाज के महिला वर्ग व बच्चों में जो धार्मिक जागृति आई है उसका पूर्ण श्रेय पाठशाला में अध्यापन कराने वाले डॉ. सुरेंद्र जैन को है।

## मारोठ में आज होगा मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी शिविर का आयोजन

### 60 वर्ष से ऊपर के लगेगी आज बूस्टर डोज

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मारोठ में सोमवार को मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में 5 चिकित्सकों की टीम द्वारा चिकित्सा संबंधी समस्याओ का निपटारा किया जाएगा। मारोठ चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर एस के मीणा ने बताया कि इस विशेष शिविर में जनरल मेडिसिन डॉक्टर श्रवण नायक, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गोपाल सिंह ढाका, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इरफान नागौरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राज कुमारी रणवा द्वारा मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। शिविर सुबह 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मारोठ में प्रारंभ होगा। शिविर में 60 वर्ष से ऊपर आयु के लोगों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बूस्टर डोज लगाई जाएगी।

## खींवसर सीएचसी का जयपुर की टीम ने किया निरीक्षण

### शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में लिया फीड बैक



हुक्माराम ताडा

**खीवंसर( नागोर डेली न्यूज ) :** खींवसर उपखंड मुख्यालय पर रविवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जयपुर की टीम ने निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। जयपुर टीम के अधिकारी विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि अस्पताल परिसर में विभिन्न वाडों का निरीक्षण करके व्यवस्था का जायजा लिया। गया है तथा नागौर जिले के प्रत्येक सीएचसी व पीएचसी का निरीक्षण किया जाएगा। इस मौके पर टीम के अधिकारी शंषाक ने बताया कि जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता संस्थान एवं समुदाय के स्तर पर जीएपी व असेसमेंट करने तथा कार्य योजना के बारे में जानकारी ली। अस्पताल परिसर डॉक्टर जुगल किशोर सैनी ने टीम को पूरा फीड बैक दिया। अस्पताल की साफ सफाई व व्यवस्था को देखकर टीम ने अस्पताल प्रभारी व स्टॉफ की प्रशंसा जाहिर की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिशु वार्ड के लिए व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान डॉ. अरुण शर्मा, डॉक्टर रामजीत टाक, रामनिवास, मनमोहन सिंह, रामचंद्र सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# कुचामन बना कश्मीर

## नश्तर सी चुभी सर्द हवाएं



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार का दिन रिकॉर्डतोड़ सर्दी के नाम रहा। सर्द हवाएं नश्तर की तरह चुभ रही थी। गर्म कपड़ों से ढके होने के बावजूद लोग खुले में टिक ना पाये। रविवार होने के कारण बाजार वैसे भी बंद थे परन्तु सर्दी के कारण सड़कों से वाहन भी गायब नजर आए। प्रात:काल से ही शहर व अंचल कोहरे की आगोश में लिपटे नजर आए। पूरे दिन सूर्यदेव ने दर्शन नहीं दिए। ठंड इतनी थी कि लोग जगह-जगह अलाव जलाकर बचाव करते दिखे। आम दिनों में लोगो से गुलजार रहने वाले गली, मोहल्ले व चौराहे बिल्कुल सुनसान रहे। लोगों ने पूरे दिन घरों रहना ही मुनासिब समझा। बेतहाशा पड़ी ठंड के कारण लोग एक दूसरे को यही कहते रहे कि कुचामन मो कुचामन कश्मीर बन गया है।

## बर्फीली हवा से बढ़ी ठंड

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना क्षेत्र में बर्फीली हवा से रविवार को मौसम मे ठंडक बढ गई। सर्द हवा से दिनभर लोग धूजते नजर आये लोग। तीन दिन से बारिश के बाद रविवार को सर्द हवाओं ने एक बार फ़िर ठंड का असर बढ़ गया। लोग गर्म कपड़ों के साथ-साथ अलाव जला कर सर्दी भगाते हुए नजर आ रहे थे। चाय, पकोड़े, बेकरी आदि पर भारी भीड़ देखने को मिली। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनो तक मौसम



खराब रहेगा कही हल्की तो कही भारी बारिस होने के अनुमान बताये जा रहे है।



## कोहरे से मेगा हाइवे पर बढ़ी परेशानी

श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को अलसुबह से प्रात: आठ बजे तक दिन साफ था। एक बार तो सूर्य के दर्शन से तापमान बढ़ा था पर अचानक 8.30 बजे मौसम ने असर दिखाया। अचानक चारो तरफ घना कोहरा छा गया, जिससे चारो तरफ घना अंधेरा सा छा गया। वहीं हाईवे पर वाहन चालको हेडलाईट जलाकर धीमी गति से वाहन चलना पड़ा। साथ ही दुपहिया वाहन चालको के लिए तो वाहन चलना मुश्किल हो गया, जिससे आमजन की दैनिक दिनचर्या बाधित हो गई। ग्रामीण जगह जगह अलाव जलाकर हाथ सेकते नजर आए। हालांकि कोहरा तो दस बजे बाद छट गया। पर शीतलहर ने दिन भर आमजन की धूजणी छूटा दी। रविवार छुट्टी का दिन होने से कर्मचारी अधिकतर घरो मे ही दुबके रहे।

खेत खलिहानो व पहाड़ क्षेत्र मे ओस के साथ घना कोहरा सुबह दस बजे तक छाया रहा। रबी फसलो के लिए यह अमृत के समान है। तो कड़ाके की ठंड से कई पेड़ पौधे के पत्ते पीले पड़ चूके है।

## जिलिया सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छाया रहा कोहरा

धनसुख सैनी

**नागौर डेली( नागौर डेली न्यूज ) :** जिलिया कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को घना कोहरा छाने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। रविवार को अलसुबह से घना कोहरा छाया रहने से राणासर-कोटपुतली मेगा हाइवे सड़क पर वाहन चालकों को दिन में भी लाइटों के सहारे वाहन गुजरते हुए देखा गया। वही दिनभर रात जैसी सर्दी का कहर झेलना पड़ा। इधर अत्यधिक सर्दी के चलते बाजारों में सुनसान नजर आई। वही लोग दिनभर गर्म कपड़ों में घरों में दुबके रहे। दुपहियां वाहन चालकों को सर्दी का ज्यादा सामना करना पड़ा।

## हाड कंपा देने वाली सर्दी, दिन में भी छूटी धूजणी



फखरूदीन खोखर

**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** गांव रूण सहित आसपास के सभी गांव में पिछले 3 दिनों से हो रही बरसात से यकायक मौसम में बदलाव आ गया है। शनिवार देर रात्रि में बरसात होने के बाद रबी की फसलों को फायदा होने का पूरा अनुमान है। रविवार पूरे दिन सूरज के दर्शन नहीं हुए, वहीं ठंडी हवा चलने की वजह से पूरे दिन ग्रामीण अलाव तापते नजर आए और गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए, मगर गरीब वर्ग के मजदूर इस कड़ाके की ठंड और ठंडी हवा में भी मेहनत करते नजर आ रहे थे।

## गौभक्तों ने ऐतिहासिक सवा करोड़ का दिया गौदान

### ग्राम ईड़वा में आयोजित हुई एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** ग्राम ईड़वा में शनिवार को रात्रि एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन श्रीशिव गौ सेवा समिति ईड़वा की ओर से आयोजित किया गया। गौ भक्त गायक ओम मुण्डेल एण्ड पार्टी की ओर से इस विशाल भजन संध्या में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। आयोजन कर्ताओ ने बताया की एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या का आयोजन रात्रि 9 बजे से शुरु हो गया। गायक कलाकार मुकेश वैष्णव ने गणेश वंदना के साथ भजन संध्या की शुरुआत की। डेगाना विधानसभा क्षेत्र के भामाशाहों द्वारा इस रात्रि जागरण मे कुल एक करोड 25 लाख रुपये की राशि एकत्र हुई जो श्रीशिव गौशाला के लिये भामाशाहो द्वारा भेंट की गई, जिसमें





13 बीघा जमीन, 3 लाख की लागत से शहीद दिनेश टाँडी के परिवार की ओर से एक प्याऊ निर्माण, एक नया टेक्टर व ट्रॉली, पानी का टैंकर, 135 पेटी गुड, 151 पटिया निर्माण हेतु सहित चारे तेल व अन्य सामग्रियाँ भामाशाहों द्वारा लाखों रुपयो का दान एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या मे दिया गया। गौसेवक ओम मुंडेल ने अपने भजनों के साथ-साथ बातों से सब गौभक्तों को खूब हँसाया ओर सर्द रात मे भी भीड़ सुबह तक बैठी रही। मुंडेल ने कहा की गौ माता की सेवा से मुझे ओर मेरे साथियो को पिछले दिनो हुए सड़क हादसे में एक खरोंच तक नही आई जबकी गाडी पूरी तरह से बिखर चुकी थी ओर सब गाडी के नीचे दब गये थे, लेकिन मेरी गौमाता के आशीर्वाद से हम सब सकुशल है। श्रीशिव गोशाला अध्यक्ष व ईड़वा सरपंच शिव प्रताप सिंह ने सभी मेहमानों का हृदय से आभार प्रकट किया व एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या में एक करोड़ 25 लाख की राशि दान देने के लिये सभी भामाशाहों का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

## अनित्य की अनुप्रेक्षा से मोह-मूर्छा को तोड़ें : आचार्य महाश्रमण



सद्दाम रंगरेज/हितेश रारा

**कुचामनसिटी/नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिले की धरा को अपने मंगल चरणों से पावन बना रहे जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशमाधिशास्ता, अहिंसा यात्रा प्रणेता आचार्यश्री महाश्रमणजी रविवार को कांसेड़ा से चलकर कुचामन के नवोदय विद्यालय पहुंचे। यहां भवन के कमरे से ऑनलाइन रूप में आयोजित मुख्य प्रवचन कार्यक्रम में आचार्यश्री ने श्रद्धालुओं को पावन प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा कि इस दुनिया में नित्यता भी है और अनित्यता भी होती है। दुनिया में नित्यानित्य पदार्थ होता है। एकान्त नित्य अथवा एकान्त अनित्य की बात अमान्य है। संसार के हर प्राणी का जीवन अनित्य है। इसी प्रकार यह मानव जीवन भी अनित्य है। आदमी को अनित्य का चिंतन कर मोह-मूर्छा को तोड़ने का प्रयास करना चाहिए।

## मंगल प्रवेश पर आचार्य महाश्रमण संघ का बैण्ड बाजे के साथ जैन समाज ने किया भव्य स्वागत

श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** कांसैड़ा में रात्रि विश्राम के बाद रविवार को सुबह आचार्य महाश्रमण संघ का काफिला रवाना हुआ। इससे पूर्व आचार्य श्री ने कांसैड़ा के गणमान्य नागरिको व जन प्रतिनिधियो को अभूतपूर्व स्वागत करने पर आशीर्वाद दिया। धवल सैना तीन किलोमीटर चलकर मीठड़ी कस्बे में मंगल प्रवेश किया। मीठड़ी जैन समाज ने कस्बे की सीमा से जैन मंदिर तक बैण्ड बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। वही ग्रामीणो संघ का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। आर्चाय महाश्रमण ने जैन धर्मशाला मे आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में कहा कि भगवत गीता में बताया कि श्रीकृष्ण ने अर्जुन को हिदायत दी की तुम गुण ही गुण में वर्तन करते हों, जिससे अनेक उर्मियों के बीच



ही मन नर्तन करता रहता है। इस नर्तन को खत्म करके अर्जुन अब तू गुणों से ऊपर उठ जा, निर्गुण अवस्था में आ जा। सत्व, रज, तम तीनों गुणों को छोड़कर त्रिगुणातीत बन जा। इसलिए संतों ने गाया है- 'निर्गुण रंगी चादरिया रे, कोई ओढ़े संत सुजान।'

## भामाशाह व समाजसेवी के रूप में जाने जाते थे स्व. राठी-चौधरी

धनसुख सैनी



**जिलिया( नागौर डेली न्यूज ) :** जिलिया कस्बे के भामाशाह व समाजसेवी स्वर्गीय भंवरलाल राठी की प्रथम पुण्य तिथि पर रविवार को विधि विधान से मूर्ति अनावरण किया गया। चांदपुरा सरपंच परसाराम राठी ने बताया कि चांदपुरा ग्राम पंचायत के गांव आसपुरा में राठी कृषि फार्म हाउस पर रविवार को सुबह सवा 11 बजे कोरोना गाइडलाइंस की पालना के तहत स्वर्गीय भंवरलाल राठी की मूर्ति अनावरण किया गया। कार्यक्रम में बल्डा धाम सीताराम महाराज के कर कमलों से किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी ने कहा कि भंवरलाल राठी गरीबों व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहने वाले व्यक्ति थे। आज भी उनका अनुसरण करते हुए हमें दूसरों की सेवार्थ के लिए तत्पर रहना चाहिए।

# थांवला में चोरों का आतंक, एक रात में तीन घरों को बनाया निशाना

## ताले तोड़ कीमती सामान, सोने-चांदी के आभूषण सहित लाखों के माल पर किया हाथ साफ






लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** थांवला कस्बे में शनिवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने एक साथ तीन घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर दहशत फैलाई दी है। जानकारी के अनुसार चोरों ने देर रात सुरेशचंद लोकेश जैन सदर बाजार जैन स्थानक के पास गली में स्थित मकान को निशाना बनाया। अज्ञात चोरों ने सूने पड़े इस मकान के ताले तोड़कर अंदर घुसे ओर कमरे में अलमारी के ताले तोड़कर रोकड़ी रुपये एवं कीमती सामान लेकर निकल पड़े। यह परिवार भी अजमेर रहने लग गए, जिससे मकान लम्बे समय से बंद ही पड़ा था। दूसरी चोरी रुपचन्द खाबाणी के घर के एक कमरे को निशाना बनाते हुए ताला नहीं टूटते देख पूरे दरवाजे को उखाड़कर कमरे में चार संदूको व अलमारी के ताले तोड़कर चांदी के बर्तन ओर कीमती सामाना चुराया। वहीं तीसरी चोरी इसी मकान में रहने वाले किरायेदार बलवीर सिंह निवासी रघुनाथपुरा के कमरों के ताले तोड़कर भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरी के शिकार हुए बलवीरसिंह ने बताया कि उनके पिताजी का देहांत हो गया था, जिसके चलते वो अपने परिवार के साथ पैतृक गांव रघुनाथ पूरा गए हुए थे।

इसी वजह से थांवला किराये के मकान पर ताला लगाकर चले गए थे, लेकिन मौके का फायदा उठाकर सोने की पूणच बंगड़ी, कान की झेला झोड़ी, 45000 हजार रोकड़ी, चांदी की पायजेब 3 जोड़ी सहित कीमती वस्त्र और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। पड़ोसियों के अनुसार इस गरीब परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

### चोरों ने लाठियों से किया युवक पर हमला

लोकेश जैन के घर चोरी की घटना की जानकारी फोन से मिलने पर दिलीप खटोड़ समाज बन्धु होने के नाते लोकेश के घर जाने के लिए अपने घर से निकलते वक्त जैसे ही दरवाजे पर पहुंचे तो उनको सुने पड़े पड़ोसी मकान में खटपट की आवाज सुनाई दी। उसने दरवाजा खोला तो सामने तीन चार लोग लठ लिए खड़े दिखाई दिए। दिलीप ने हिम्मत दिखाते हुए उनसे पूछा कि आप लोग कौन हो और देर रात्रि में यहां क्या कर रहे हो तभी अज्ञात लोगों ने उसे चुप रहकर घर मे घुसने को बोला। दिलीप दुबारा उनसे कुछ पूछने की हिम्मत करता उससे पहले ही लठ से वार कर दिया। दिलीप अपनी सतर्कता से लठ के वार से बचते हुए अपने घर मे घुसकर दरवाजा बंद कर लिया। इसी दरमियान चोरों ने लठ के दूसरे वार से मुख्य द्वार पर लगा बिजली का बल्ब फोड़ते हुए बाहर से गेट बंद कर दिया ओर मौके से तेज गति से फरार हो गए।

### अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले

अंधेरा होने से अज्ञात चोरों की चेहरे देख नहीं पाए। इधर दिलीप को शक होने पर हिम्मत करके आसपास हल्ला किया, जिससे मौके पर पड़ोसी आये और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर देर मध्य रात्रि पुलिस प्रसाशन मोके पर पहुंचा और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अनुसंधान जारी है।

# बोलेरो कैम्पर में करीब पौने दो किलो अवैध डोडा पोस्त के साथ आरोपी गिरफ्तार

अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज )।** पुलिसथाना डीडवाना ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक युवक को अवैध डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी डीडवाना नरेन्द्र जाखड़ से मिली जानकारी के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल नेहरा के सुपरविजन में वृत्ताधिकारी डीडवाना गोमाराम के नेतृत्व में मुखबीर की सूचना पर मुल्जिम राजेन्द्र भाकर पुत्र नानूराम जाट निवासी फोगड़ी पुलिसथाना मौलासर हॉल फौजी ढाबा छापरी कला को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 880 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया व घटना में प्रयुक्त वाहन बोलेरो कैम्पर को भी जब्त कर लिया गया है।



# 12 से 23 जनवरी तक 'कर्तव्य बोध पखवाड़ा' मनाएगा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय

अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा 12 जनवरी विवेकानन्द जयंती से 23 जनवरी शुभाष चंद्र बोस जयंती तक 'कर्तव्य बोध पखवाड़ा' मनाया जाएगा। संघ के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र दाधीच ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सप्ताह में हम विविध सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक की समाज के प्रति जिम्मेदारी कर्तव्य और दायित्व के प्रति हमारी सजगता का समाज को संदेश देंगे। जिलामंत्री कैलाश सोलंकी ने बताया कि संगठन के कोर ग्रुप की बैठक जिलाध्यक्ष राजेन्द्र दाधीच के निर्देशन में गणपति नगर स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई, जिसमें कर्तव्य बोध पखवाड़े के तहत विविध कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती पर बांगड़ महाविद्यालय में सांय साढ़े चार बजे कॅरियर व युवाओ पर विवेकानंद जी के विचार पर चर्चा, 13 जनवरी जैन महाश्रमण जी का अभिनंदन, 14 जनवरी पिछड़ी बस्तियों में शिक्षा का प्रचार, 15 जनवरी गोशाला में गायों को गुड़ चारा वितरण, 16 जनवरी को आजादी का अमृत महोत्सव पर विचार गोष्ठी, 17 जनवरी को बोर्ड परीक्षा उपयोगी सामग्री का वितरण, 18 जनवरी को चिकित्सालयो में मरीजो को फल वितरण, 19 जनवरी को कोरोना जाग्रति प्रचार प्रसार, 20 जनवरी को प्राथमिक शालाओ में अध्ययन सामग्री वितरण, 21 जनवरी को गर्म कपड़े वितरण, 22 जनवरी को सार्वजनिक स्थानों की स्वछता एवं 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बॉस जयंती का आयोजन कर शहीदों को नमन किया जाएगा। बैठक में शम्भू सिंह गोड, पवन जोशी, रेखा जैन,त्रिवेणी शर्मा, गिरिराज जोशी, भुवनेश शर्मा, शीला सोनी, संजय शर्मा उपस्थित थे।

# कुचामन में पेयजल व्यवस्था बिड़गी

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन शहर में रविवार को होने वाली पेयजल सप्लाई बाधित रही। सोमवार को भी पेयजलापूर्ति शहर में बाधित रहेगी। जन स्वा0 अभि0 विभाग उपखण्ड कुचामनसिटी के सहायक अभियंता बच्चू सिंह से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य पम्प हाऊस खरवालिया हैडवर्क्स पर वाल्व खराब होने के कारण इन्द्रा गांधी नहर परियोजन से पानी नहीं मिलने के कारण 9 व 10 जनवरी को कुचामन शहर के सभी क्षेत्रों एवं ग्रामीण जल योजनाओं की पेयजलापूर्ति बाधित रहेगी।

# 23 व 24 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

### कर्मचारियों की राज्य स्तरीय वर्चुअल कन्वेंशन का हुआ आयोजन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को नई पेंशन स्कीम, संविदाकरण तथा सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ राज्य स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन किया जाना था परन्तु कोविड महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण कन्वेंशन का आयोजन केवल ऑन लाइन ही किया गया। महासंघ की महासमिति के सदस्य, कर्मचारी संगठनों के प्रदेशाध्यक्ष व महामंत्री तथा महासंघ के समस्त जिलाध्यक्ष व जिला मंत्री गूगल मीट से सहभागिता की। कन्वेंशन में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट इम्पलाइज फैडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, कोषाध्यक्ष श्रीपाल सिंह भाटी तथा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री उपस्थित रहे। ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट इम्पालाइज फैडरेशन के आह्वान पर 23 व 24 फरवरी 2022 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान का राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत सहित सभी कर्मचारी संगठनों द्वारा समर्थन किया गया, राज्य व केंद्र सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों व निजीकरण की नीतियों का विरोध हड़ताल के माध्यम से किया जाएगा।

# बिजली जाते ही नेटवर्क गुल

## बीएसएनएल एक्सचेंज में बेटरियों की कमी

फखरूद्दीन खोखर

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिले के रूण, खजवाना, संखवास, हीलोडी सहित कई बीएसएनएल एक्सचेंजो में बैटरियों की कमी है। इस वजह से बिजली जाते ही नेटवर्क गुल हो जाता है, वहीं नेटवर्क नहीं होने की वजह से कई नए ग्राहक बीएसएनएल में जुड़ने से कतरा रहे हैं। बीएसएनएल ग्राहक मनसूर अली, पहलादराम खुड़खुखुड़िया, सदरूद्दीन खोखर, हनुमानराम भाकर, सुरेंद्र उपाध्याय ने बताया अगर भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारी रूण सहित आसपास के गांवो में स्थित एक्सचेंजो में बेटरियों की व्यवस्था करवा देते हैं तो निश्चित ही बीएसएनएल के ग्राहकों में बढ़ोतरी हो सकती है।

गांव रूण के बीएसएनएल आरडीएस फखरुद्दीन खोखर ने बताया गांव रूण में सबसे ऊंचा 60 मीटर का बीएसएनएल टावर है तथा वर्ष 2016-17 में यहां पर स्थित एक्सचेंज में बैटरियां लगाई गई थी जो काफी पुरानी हो चुकी है। उनमें से दो बार यहां पर कुछ बेटरीयां चोरी भी हो चुकी थी, फिर भी विभाग कैसे भी करके व्यवस्था को चला रहा है, मगर मौजूदा बेटरीयां पुरानी होने की वजह से बिजली जाते ही बेटरीयों का बैकअप कमजोर होने की वजह से एक्सचेंज ठप हो जाता है, ऐसे में जुड़े हुए उपभोक्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



वहीं नाम नहीं छापने की शर्त पर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बताया यह भारत सरकार का उपक्रम है और पिछले काफी सालों से सरकार निजी मोबाइल कंपनियों को बढ़ावा दे रही है और सरकारी कंपनी की ओर ध्यान भी नहीं दे रही है, ऐसे में छोटे-छोटे उपकरणों के लिए भी विभाग के कर्मचारी परेशान होते नजर आ रहे हैं , केन्द्र सरकार लगभग सभी जगह बेटरीयों की भी व्यवस्था नहीं कर रही है। इसी समस्या को मदैनजर रखते हुए रूण सहित आसपास के उपभोक्ताओं ने रूण सहित सभी गांवो के एक्सचेंज में बेटरीयों की व्यवस्था करवाने की मांग मीडिया के माध्यम से की हैं।

### इनका कहना है

*'हमने नागौर जिले के लिए बैटरियों व अन्य उपकरणों की मांग संबंधित विभाग को भेज रखी हैं और अब आशा है कि जल्द ही सभी एक्सचेंज में नई बेटरियों की सौगात मिल सकती है।'*

**हरीचरण**
**नागौर दूरसंचार मुख्य महाप्रबंधक**

# शहीद मांगु खाँ की स्मृति में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



अबू बकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** तहसील के ग्राम लेड़ी के शहीद मांगुखाँ कायमखानी की स्मृति में शहीद के परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेड़ी में किया गया, जिसमें ब्लॅड बैंक राजकीय चिकित्सालय, लाडनूं एवं लायंस चेरिटेबल ट्रस्ट ब्लॅड सेंटर, सुजानगढ़ की ब्लॅड बैंक टीमों ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। इस शिविर में 140 यूनिट का रक्तदान हुआ। इस उपलक्ष्य में शहीद परिवार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लेड़ी को एक वाटर प्यूरीफायर आर.ओ भेंट किया चिकित्सा अधिकारी डॉ.भरत पारीक ने रक्तदान को सबसे पुण्य का कार्य बताते हुए युवाओं को इसके लिए प्रेरित किया व आयोजक शहीद मांगुखाँ के परिवार एवं समस्त रक्त दाताओं का आभार जताया।

इस अवसर पर शहीद परिवार के बाबू खान, मुराद खाँ फोजी, हबीब खां, भंवरू खान, मुबारक खान, इमरान खान, सिकंदर खां, लाडनूं उप प्रधान प्रतिनिधि कालूराम गेनाणा, लेड़ी सरपंच प्रतिनिधि मोतीसिंह थालोड़, पार्षद आमिर खान, परवेज खान, शिवभगवान रिणवा, विनय प्रकाश शर्मा, मनसुख सहित गांव के मौजिज नागरिक, संदीप मारोठिया, प्रभुदयालवा कार्यकर्ता तथा लेड़ी के चिकित्साकर्मी व स्टॉफ मौजूद रहे।

# बालक घर में जो देखता है उसी का अनुसरण करता है इसलिए आचरण मर्यादित बनावें

## शारदा बाल स्कूल में मातृ शक्ति सम्मेलन का आयोजन

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** आदर्श शिक्षण संस्थान नागौर द्वारा संचालित शारदा बाल निकेतन, जायल में मातृ-शक्ति सम्मेलन कार्यक्रम आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य संतोष कड़वासरा अध्यक्षता व्याख्याता लक्ष्मीकांता पाराशर मुख्य वक्ता वरिष्ठ अध्यापिका मैना चौधरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नागौर विभाग के विभाग प्रचारक गिरधारी लाल ने भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार सारस्वत ने आए हुए अतिथियों का परिचय व तिलक लगाकर स्वागत करवाया ।मुख्य वक्ता गिरधारी लाल ने बताया कि मां बच्चों को जैसा चाहे वैसा बना सकती हैं। बालक




घर में जो देखता है उसी का अनुसरण करता है परिवार में संस्कार देने के लिए प्रथम गुरु की भूमिका मां के द्वारा निभाई जाती है कोई व्यवसायिक या प्रशिक्षित गुरु भी मां की बराबरी बिल्कुल नहीं कर सकता।

कार्यक्रम की अध्यक्षा लक्ष्मीकांता पाराशर बताया कि मां बरगद की छाया मां पावनता में रामायण व गीता है उसका महत्व जब तक सृष्टि पर मानव जाति है दरकिनार नहीं किया जा सकता। विशिष्ट अतिथि मैना चौधरी ने भी अपने विचार प्रकट किए ।कार्यक्रम में विद्यालय की स्थानीय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष श्रवण बजाज, संपर्क प्रमुख अशोक टेलर व आचार्य दिनेश चांगल, सुरेंद्र सिंह, किरण शर्मा व पूजा टेलर के साथ साथ अनेक माता बहिनें उपस्थित रही।

# राजस्थान की बालिकाएं स्वर्ण से एक कदम दूर

## सेमीफाइनल में छतीसगढ़ पर रोमांचक जीत

अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** इंदौर मे चल रही 71वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की बालिका ने सेमीफाइनल मुकाबले में छतीसगढ़ को 69 के मुकाबले 71 अंको से पराजित कर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया। टीम मैनेजर गुलाब कच्छावा ने जानकारी देते हुए बताया कि हम स्वर्ण से मात्र एक कदम दूरी पर है और यक़ीनन इस बार का स्वर्ण राजस्थान की झोली में ही आएगा। आरबीए सचिव देवेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हमारी बास्केटबॉल देश मे एक कीर्तिमान स्थापित कर रही है इसी टीम ने हाल ही में हुए खेलों इंडिया में रजत पदक जीता था और आज हम पूर्णत: आशान्वित है कि इस बार हम स्वर्ण पर कब्जा करेंगे। आरबीए एवं राजस्थान ओलम्पिक संग के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अजीत सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारी टीमों का बेहतर प्रदर्शन भारतीय बास्केटबॉल के लिए एक नई किरण बन रही है। हम आशा करते है कि अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में इस बेहतर प्रदर्शन का लाभ मिलेगा। सीबा-फीबा कमिश्नर एवं अन्तरराष्ट्रीय रैफरी हासम खान ने बालिका टीम के प्रदर्शन को संतोष जनक बताते हुए कहा कि राजस्थान बास्केटबॉल में नित नया निखार एक अच्छा संकेत है। टीम कोच राजेश नेनावटी ने बताया कि छतीसगढ़ के खिलाफ राशि खातौनी ने 12, दीक्षा ने 11, अंकिता ने 12, हर्ष नंदनी ने 10, सिमरन ने 10 और उषा ने 09 अंकों का योगदान दिया । राजस्थान के विजय अभियान पर महावीर ओझा, चतुर्भुज मूंदड़ा, रमेश वर्मा, गुमान सिंह, सकीला परिहार खान, त्रिवेणी शर्मा, रेखा जैन, मोहम्मद नईम खत्री, नरपत सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, अबरार अली बेरी, अनन्त शर्मा, ब्रह्म देव शर्मा, अमजद एच पठान, देवेश त्रिपाठी, कुलदीप सिंह पँवार, विक्रम सिंह पँवार, गोविंद गुर्जर, राम चन्द्र तापड़िया, सुरेश मारोठिया, एडवोकेट राज कुमार दाधीच, एडवोकेट वीपी सिंह, बजरंग पँवार, विवेक रंजन सिंह, कृष्ण मोहन शास्त्री आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाइयां प्रेषित की है।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com